Seventeenth Loksabha

>

Ttile: Request to open a Drug De-addiction Centre in Jalaun Parliamentary Constituency.

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन): माननीय सभापति जी, नशा एक ऐसी बुराई है जो हमारे संपूर्ण जीवन को नष्ट कर देती है । नशे से पीड़ित व्यक्ति परिवार के साथ-साथ समाज पर बोझ बन जाता है । युवा पीढ़ी सबसे ज्यादा नशे की लत से पीड़ित है । शराब के सेवन से मानव के विवेक के साथ सोचने-समझने की शक्ति नष्ट हो जाती है ।

सरकार इन पीड़ितों को नशे के चंगुल से छुड़ाने के लिए नशा मुक्ति अभियान चलाती है । शराब और गुटखा पर रोक लगाने का प्रयास करती है । नशे के रूप में लोग शराब, गांजा, जर्दा, ब्राउन शुगर, कोकीन, स्मैक आदि मादक पदार्थों का प्रयोग करते हैं, जो स्वास्थ्य के साथ-साथ सामाजिक और आर्थिक दोनों लिहाज से ठीक नही है । मेरे संसदीय क्षेत्र के लोग भी नशे की लत से पीड़ित हैं, जिससे समाज में अपराध और गैर-कानूनी हरकतों को बढ़ावा मिल रहा है । उसके सेवन से जन और धन दोनों की हानि हो रही है । मेरे लोक सभा क्षेत्र में भी जन हानि हुई है । इसलिए, मेरी केंद्र सरकार से मांग है कि मेरे लोक सभा क्षेत्र में एक नया नशा मुक्ति केंद्र खुलवाने का कष्ट करें । धन्यवाद ।